हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

11 पहले दिन ध्रूव भगत के मंचन ने मोह लिया दर्शकों का मन



12 सरकार 45वें श्रम सम्मेलन की शिफारिशें लागू करें



## खबर संक्षेप

### सांसद हुड्डा कल बाढड़ा विस. का करेंगे दौरा

**बाढ़ड़ा।** रोहतक लोकसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा 22 जनवरी को बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के कई कार्यक्रमों में शामिल होकर कार्यकर्ताओं, किसानों से मुलाकात करेंगे। पूर्व विधायक सोमवीर श्योराण ने बताय कि 22 जनवरी को सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा दोपहर बाद तीन बजे गांव चरखी पहुंचकर शोक सभा में शामिल होंगे। वहीं चार बजे बाढ़ड़ा विस क्षेत्र के गांव उमरवास में छात्र नेता विजय मोटू के आवास, पांच बजे कस्बे के धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं भूतपूर्व सरपंच एसोसिएशन संयोजक सुरेश धनासरी के आवास पर कार्यकर्ताओं से रूबरू होंगे तथा देर शाम को वरिष्ठ नेता रामफल कादमा के आवास पर विवाह कार्यक्रम में भाग लेंगे

### कुएं व डिग्गी की 1200 फीट केबल चोरी

**लोहारू।** उपमंडल के गांव बरालु में चोर द्वारा किसान के कुएं और डिग्गी की मोटर की करीब 1200 फीट केबल चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस को दी शिकायत में बरालु निवासी किसान धर्मबीर ने बताया कि बीते देर रात चोर उसके खेत में कुएं की करीब 800 फीट लंबी और डिग्गी में लगी करीब 400 फिट केबल चोरी कर ली। पुलिस ने मामले में जांच कर रही है।

### 600 श्रेष्ठ पशुओं को नगद पुरस्कार मिलेगा

**भिवानी।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपनिदेशक डॉ. रविन्द्र सहरावत ने बताया कि विभाग द्वारा वर्ष 2026 की राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी का आयोजन 6 से 8 फरवरी तक कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। इस 41वीं राज्य स्तरीय पशु प्रदर्शनी में प्रदेश भर से उत्तम नस्ल की भैंस, गाय, भेड़, बकरी, ऊंट, सुअर सहित पशुओं की करीब 53 विभिन्न श्रेणियों में विभाजित कर 600 चयनित श्रेष्ठ पशुओं को नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। डॉ. सहरावत ने बताया कि पशु प्रदर्शनी में भाग लेने बारे पशुओं के आवागमन पर होने वाले खर्च का भुगतान दूरी के अनुसार सरकार द्वारा किया जाएगा। इच्छुक एवं जागरूक पशुपालकों के लिए निःशुल्क बस सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी। साथ ही पशुपालकों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था भी होगी।

# बाहर की तरफ निकले ओवरब्रिज के सरियों से हादसा होने का अंदेशा

» धुंध के मौसम में दृश्यता कम होने के चलते सड़क मार्ग की ओर निकले सरिये दिखाई नहीं देते

» ओवरब्रिज के निर्माण के कारण अक्सर बनी रहती है जाम की स्थिति, वाहन चालक हो रहे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

लोहारू रोड रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के बाद उसे तोड़ा गया और उसपर दोबारा से ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जा रहा हैं। ओवरब्रिज निर्माण के चलते अक्सर यहां जाम की स्थिति बनी रहती हैं, ऐसे में एक और समस्या उत्पन्न हो गई हैं, जो कभी भी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती हैं। हालुवास गेट चौक की तरफ नवनिर्माणाधीन लोहारू रोड ओवररब्रिज के सरिये सड़क मार्ग की ओर निकले हुए हैं, जो धुंध के मौसम या रात के समय में दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। ओवरब्रिज का निर्माण करने वाले ठेकेदार की लापरवाही के चलते कोई बड़ा हादसा हो सकता हैं।





**भिवानी।** लोहारू रोड रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के दौरान सड़क मार्ग की तरफ निकलते सरियों का मौका देखते यातायात थाना प्रभारी संजय कुमार व क्षेत्रवासी।

### ठेकेदार ने दूसरी तरफ का रास्ता कर दिया है बंद

लोहारू रोड रेलवे फाटक पर हालुवास गेट से अनाजमंडी तक ओवरब्रिज का नवनिर्माण करवाया जा रहा हैं, जिसके चलते वाहन चालकों को अनेक समस्या से दो चार होना पड़ रहा हैं और इसके साथ ही ओवरब्रिज निर्माण के चलते सड़क मार्ग की तरफ सरिये निकलने से क्षेत्रवासियों, राहगीरों व वाहन चालकों को अनेक समस्याएं झेलनी पड़ रही थी और आए दिन वाहन चालक व राहगीर चोटिल भी हो रहे हैं। ठेकेदार ने दूसरी तरफ का रास्ता बंद कर रखा हैं और मार्ग को वनवे कर रखा हैं। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन व ठेकेदार को बार बार इस संबंध में अवगत करवाया हैं, लेकिन इसके बावजूद वे इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। उन्होंने इस संबंध में यातायात थाना प्रभारी को सूचना दी और शिकातय दी। इसके बाद यातायात थाना प्रभारी संजय कुमार ने मौका मुआयना किया।

### ठेकेदार को करवानी होगी बैरिकेटिंग

थाना प्रभारी संजय ने ठेकेदार को बुलाया और सरियों को अंदर करने या फिर बैरिकेटिंग करने को बोला हैं, जिससे कि धुंध के मौसम या रात के समय कोई दुर्घटना घटित होने से बचाव हो सकें। इस दौरान उन्होंने दुपहिया वाहन चालकों को हैलमेट का प्रयोग करने व फॉर व्हीलर वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने की सलाह दी और यातायात के नियमों की पालना की बात कही। यातायात थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि क्षेत्रवासियों की शिकायत पर उन्होंने मौका देखा, जो वास्तव में काफी खतरनाक हैं, जो किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता हैं। इस संबंध में ठेकेदार के कारिंदों को सरियो को अंदर करने या बैरिकेटिंग की बात की थी, जिस पर ठेकेदार ने बैरिकेटिंग की बात स्वीकारी हैं और आज ही बैरिकेटिंग करवाकर समस्या का अस्थायी तौर पर समाधान किया जाएगा।

### नेशनल हाईवे 334बी पर मौत का पैगाम दे रहा डिवाइडर, रोज हो रहे हादसे

**चरखी दादरी।** चरखी दादरी से लोहारू मार्ग पर स्थित नेशनल हाईवे-334बी इन दिनों वाहन चालकों के लिए काल का ग्रास बनता जा रहा है। गांव मांढी-पिरानु बस स्टैंड के समीप बना अजीबोगरीब डिवाइडर हादसों का केंद्र बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों का कहना है कि ये डिवाइडर किसी सुविधा के लिए नहीं, बल्कि जान लेने के लिए बनाया गया है। इस गंभीर मुद्दे पर सीएम पैक्स वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा के कार्यवाहक प्रधान प्रविंद्र मांढ़ी ने कहा कि यह डिवाइडर पूरी तरह से योजनाहीन तरीके से बनाया गया है। उन्होंने बताया कि यह डिवाइडर दादरी से लगभग 28 किलोमीटर बना है। इसके आसपास कोई संकेत चिह्न भी नहीं है। आमतौर पर डिवाइडर टोल प्लाजा के पास बनाए जाते हैं, लेकिन यहां न टोल है और न ही कोई स्पष्ट चौराहा। यही नहीं डिवाइडर चढ़ाई पर बना है। रात के समय या धुंध में हैडलाइट की रोशनी में भी ड्राइवर को ये अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है कि अचानक सड़क दो हिस्सों में बंटने वाली है। इससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन को चाहिए कि वह इस तुरंत हटवाए।

29 को होगी पहली बैठक

# 'एरिया सभा' सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों की पहचान करेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ प्रत्येक वार्ड के संबंधित पार्षद होंगे एरिया सभा के चेयरमैन

पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने और विकास संबंधित अन्य मामलों को लेकर शहरी स्थानीय निकाय के निर्देशानुसार भिवानी शहर में नगर परिषद प्रशासन ने डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में वार्ड के हिसाब से एरिया सभा का गठन किया है। इसमें प्रत्येक वार्ड के संबंधित पार्षद होंगे एरिया सभा के चेयरमैन और कर्मचारियों को सदस्य सचिव नियुक्त किया है। एरिया सभा की पहली बैठक 29 जनवरी को होगी।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जरूरतमंद लोगों के लिए वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दीन दयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना आदि विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना जरूरी है। एरिया सभा के चेयरमैन और सदस्य सचिव सरकार द्वारा भेजी जाने वाली सूची के अनुरूप पात्र लाभार्थियों की वेरिफिकेशन का कार्य करेंगे। इसके अलावा वार्ड में विकास संबंधित मामलों को सुलझाएंगे ताकि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की कमी न रहे। नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी राजा राम ने बताया कि डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में हरियाणा नगरपालिका नागरिक भागीदारी अधिनियम 2008 के अंतर्गत नगर निकाय प्रशासन/सेवा वितरण में नागरिक भागीदारी को सुदृढ़ करने के लिए नगर परिषद् भिवानी में एरिया सभाओं का गठन किया गया है। इस बारे में वेबसाइट एमसीभिवानी.इन पर जानकारी आमजन के लिए अपलोड कर दी गई है। एरिया सभा में क्षेत्र के कुल मतदाताओं के 10 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा भाग लिया जाना आवश्यक है। इसके लिए आमजन को जागरूक किया जा रहा है। 29 जनवरी को एरिया सभा की बैठक फ्रैन्ड्स कॉलोनी की गली नंबर 11 में आयोजित होगी।

#### इन्हें सौंपी जिम्मेदारी

नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी राजा राम ने बताया कि नगर परिषद की एरिया सभा के लिए मनीष राठी जेई को वार्ड -एक व तीन, लिपिक अशोक शर्मा को वार्ड दो, चार व 18, जेई आबिद हुसैन को वार्ड पांच व सात, अशोक सांगवान को वार्ड छह व आठ, जेई अर्जुन नाथ को वार्ड नौ व 11, लिपिक अनिल को वार्ड नंबर 10 व 12, जेई संदीप को वार्ड नंबर 13 व 15, लिपिक देवेन्द्र को वार्ड नंबर 14 व 16, लिपिक नरेश को वार्ड नंबर 17 व 19, लिपिक अंकित को वार्ड नंबर 20, 22 व 24, लिपिक नीरज को वार्ड नंबर 21 व 23, लिपिक दिनेश को वार्ड नंबर 25 व 27, लिपिक नीतेश को वार्ड नंबर 26 व 28, लिपिक परोकर नरेश को वार्ड नंबर 29 व 31 और लिपिक परोकर विजय को वार्ड नंबर 30 में सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है।

# बाग कोठी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति को किया दुरुस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

■ गली नंबर दो में दूषित पानी की हो रही थी आपूर्ति

डीसी साहिल गुप्ता के संज्ञान पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने शहर में बाग कोठी क्षेत्र में दूषित पेयजल आपूर्ति और लिबर्टी सिनेमा के पास पाइप लाइन उपरांत हुए गड्ढों को ठीक किया गया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा इन कार्यों के दुरूस्त करने पर क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन का आभार जताया।

उल्लेखनीय है डीसी साहिल गुप्ता द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि आमजन की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ शीघ्र समाधान करें। इसी बीच बाग कोठी क्षेत्र की गली नंबर दो में दूषित पानी की आपूर्ति का मामला डीसी के संज्ञान में आया था। इस पर उपायुक्त ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

डीसी के निर्देश पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पेयजल पाइप लाइन को दुरूस्त किया।

# पालीथिन इस्तेमाल करने वालों के काटे चालान

## पालीथिन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने के बारे में किया जागरूक

उपायुक्त के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में पांच दुकानदारों के 8500 रुपये के चालान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** पॉलिथीन रखने वालों का चालान काटते हुए। फोटो : हरिभूमि

डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पालीथिन बैग और सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग ने करने के बैनर लगाने का विशेष अभियान चलाया। वहीं शहर में विभिन्न स्थानों पर पॉलिथीन रखने वाले पांच दुकानदारों के 8500 रुपए के चालान काटे। यह अभियान एसडीओ विकास की अध्यक्षता में चलाया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेन्द्र अरोड़ा ने बताया कि विभाग द्वारा लोगों को पॉलिथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। विभिन्न जगहों पर बैनर लगाकर प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक सामग्री एवं पालीथिन का उपयोग पर रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक (एसयूपी) और प्लास्टिक कैरी बैग पर एक जुलाई 2022 से पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। वही दूसरी शहर में सब्जी मंडी, रोहतक गेट आदि क्षेत्र में प्रतिबंधित पालीथिन व सिंगल यूज प्लास्टिक की सामग्री रखने वालों के चालान काटे गए।

# रोहन आत्महत्या मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



■ आरोपियों ने रोहन के साथ मारपीट का वीडियो बनाकर किया था वायरल, इसी घटना से आहत होकर पी लिया था जहर

थाना सदर पुलिस ने रोहन आत्महत्या मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राहुल निवासी फूलपुरा द्वारा थाना सदर पुलिस भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 28 अगस्त की रात को उन्हें एक फोन कॉल प्राप्त हुआ, जिसमें कॉल करने वाले ने बताया कि उनके भाई रोहन को गांव चांग के कुछ लड़कों ने पकड़ रखा है और उसके साथ मारपीट की जा रही है। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और रोहन को छुड़वाकर घर ले आए। रोहन ने परिजनों को बताया कि आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट करने के बाद उसकी वीडियो बनाई गई और उक्त वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इस घटना से मानसिक रूप से आहत होकर रोहन ने जहरीला पदार्थ पी लिया, जिसकी इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मृत्यु हो गई। शिकायत के आधार पर थाना सदर भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया। थाना सदर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी गुजरानी मोड़ की महिला सहायक उप निरीक्षक सुदेश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मनदीप पुत्र सुशील, निवासी चांग , अजय पुत्र बलजीत, निवासी चांग ,अंकित पुत्र हुक्मचंद, निवासी चांग व दीपक पुत्र नरेश कुमार, निवासी चांग शामिल है। पुलिस टीम द्वारा सभी आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेजने के आदेश दिए गए हैं।





### महिला महाविद्यालय की छात्राओं को भेंट की खेल सामग्री, ट्रैकसूट भी दिए

**चरखी दादरी।** महिला महाविद्यालय झोझूकलां में कालूवाला कंस्ट्रक्शन कम्पनी के एमडी अनिल ने महाविद्यालय की खिलाड़ियों व महाविद्यालय में कबड्डी की खेल नर्सरी की खिलाड़ियों को ट्रैकसूट भेंट किए। डोहका में हरियाणा के सबसे बड़े खेल स्टेडियम के उद्घाटन में उपस्थित रहने वाले खिलाड़ियों को अनिल कालूवाला ने ट्रैकसूट देने का आश्वसन दिया था। महाविद्यालय के प्रधान अधिवक्ता सुरेन्द्रपाल सिंह, सचिव सुशील कुमार, कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मन्जू सांगवान, प्रशिक्षिका रीतु सांगवान, कबड्डी कोच सोनू सांगवान ने छात्राओं को खेल किट देने के लिए अनिल कालूवाला का धन्यवाद किया।

# मोटर चोरी करने के मामले दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई पानी की मोटर बरामद कर ली गई

थाना शहर पुलिस भिवानी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मोटर चोरी मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रदीप निवासी लाजपत नगर, भिवानी ने थाना शहर पुलिस भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी।

शिकायतकर्ता ने बताया कि 19 जनवरी को जब वह घर पहुंचे तो उनके घर में लगी पानी की मोटर चोरी हो चुकी थी। शिकायत के आधार पर थाना शहर भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। थाना शहर भिवानी के अंतर्गत पुलिस चौकी बीटीएम के मुख्य सिपाही रोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तोशाम बाईपास भिवानी से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान कमल निवासी लाजपत नगर व मनीष निवासी दिनोद गेट, भिवानी के रूप में हुई है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से घर से चोरी की गई पानी की मोटर बरामद कर ली गई है। इनमें से एक आरोपी नशे का आदि था।

## पुरानी पद्धती से होगा उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण, कई दिनों से चल रही थी खींचतान

# झुका शिक्षा बोर्ड प्रशासन,कर्मचारियों के संघर्ष की हुई जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के कर्मचारियों और बोर्ड प्रशासन के बीच पिछले कई दिनों से चला आ रहा तनाव आखिरकार समाप्त हो गया है।

बोर्ड सचिव से मिले ठोस आश्वासन के बाद मंगलवार को कर्मचारी संगठन ने अपना आंदोलन स्थगित करने का निर्णय लिया है। अब पुरानी पद्धती से ही उत्तरपुस्तिकाओं का मुद्रण(छपाई) का कार्य होगा। जिससे शिक्षा बोर्ड को आर्थिक बोझ से बचाया जा सकता है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन-1016 (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ) की शिक्षा बोर्ड परिसर में आयोजित द्वार सभा में बोर्ड कर्मचारियों ने संबोधित करते हुए दी। द्वार सभा को संबोधित करते हुए प्रधान सत्यवीर स्वामी ने बताया कि प्रशासन और कर्मचारी नेताओं के बीच हुई बातचीत में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति बनी, जिसमें कर्मचारियों की प्रमुख मांग को स्वीकार करते हुए बोर्ड सचिव ने आश्वासन दिया है कि उत्तरपुस्तिकाओं के मुद्रण का कार्य पुरानी पद्धति के अनुसार ही प्रकाशन शाखा के माध्यम से कराया जाएगा। जिससे बोर्ड पर पढ़ने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ को कम किया जा सके। यहां यह बताते चले कि नई पद्धती के अनुसार उत्तरपुस्तिका के हर पेज व क्यूआर कोड होता था। जिसकी छपाई भी महंगी होती थी। अब पुरानी पद्धती से छपवाए जाने का आश्वासन दिया है। कर्मचारी नेता ने कहा कि फिलहाल उनको मिले आश्वासन के हिसाब से आंदोलन को स्थगित किया गया है। सभा का संचालन करते हुए महासचिव सोमवीर पुनिया ने प्रशासन के इस कदम का स्वागत किया, लेकिन साथ ही एक कड़ी चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन अपने वादों से पीछे हटता है तो कर्मचारी फिर से एक बड़ा आंदोलन शुरू करने के लिए मजबूर होंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन के नेताओं ने इस संघर्ष में साथ देने वाले सभी कर्मचारियों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया।



**भिवानी।** बोर्ड प्रशासन द्वारा मांगे माने जाने की जानकारी देता वक्ता।

### कारण बताओ नोटिस होंगे वापस

हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 से जुड़ी कर्मचारियों की जायज मांगों को भी बोर्ड ने स्वीकार करने का भरोसा दिया है। वही आंदोलन के दौरान कर्मचारियों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को प्रशासन ने वापस लेने और निरस्त करने का फैसला किया है। बोर्ड के इस फैसले से कर्मचारियों को राहत मिलेगी। क्योंकि कारण बताओं नोटिस से कर्मचारियों पर मानसिक बोझ पड़ा हुआ था। अब इससे राहत मिल जाएगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ उप-प्रधान देवेंद्र श्योराण, जोगेंद्र, अशोक लांबा, अशोक पिलानिया, भारतदीप, अनूप खेदड़, अमनदीप, संदीप जांगड़ा और संदीप शर्मा सहित संगठन के कई सदस्य और बोर्ड के तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# यूनिवर्सिटी एचकेआरएन कर्मचारियों का प्रदर्शन 28 को

**भिवानी।** नॉन टीचिंग कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ हरियाणा की ऑनलाइन गूगल मीट के माध्यम से एक आपातकालीन बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश संयोजक रणबीर बांगड़वा ने की, जिसमें भारतीय मजदूर संघ हरियाणा के प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला का सानिध्य मिला।

### कर्मचारियों में मायूसी

बैठक में प्रदेशभर के अन्य विश्वविद्यालयों के अध्यक्ष/संयोजक व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य विषय जॉब सुरक्षा अधिनियम 14 अगस्त 2024 में जो सरकार ने,हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत प्रदेश भर में कार्य कर रहे 1.20 लाख कर्मचारियों को जॉब सुरक्षा अधिनियम 2024 देने की बात कही थी उसको सरकार ने पूर्ण किया। लेकिन जब 25 दिसंबर को सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री ने जॉब सुरक्षा पोर्टल लॉन्च किया तो उसमें जानकारी मिली कि विश्वविद्यालय में लगे किसी भी कर्मचारी को यह सुरक्षा नहीं मिलेगी तो विश्वविद्यालय में लगे सभी कर्मचारियों में मायूसी छा गई।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style

# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

## टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।



# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधरः द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।




## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी

*नई दिल्ली। सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*



### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुई। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

खबर संक्षेप

## चोरी के मामले में तीसरा आरोपी किया गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना बवानी खेड़ा पुलिस ने सुखपुरा स्थित शराब ठेके का ताला तोड़कर शराब व नकदी चोरी करने के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना बवानी खेड़ा के उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह की टीम ने आरोपी को दबोचा है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान साहिल पुत्र करण सिंह निवासी बास खुर्द, जिला हांसी के रूप में हुई है।

## हसान गांव में भंडारे का हुआ आयोजन

**बहल।** क्षेत्र के गांव बिधनोई में दादा गुसाई धाम में धाम के महंत बाल योगी बाबा दिवाली नाथ द्वारा 7 दिसंबर से शुरू की गई 41 दिन की जलधारा व खड़े श्री तपस्या आज हसाण धाम के उनके दादा गुरु बाल योगी बाबा महंत छोटूनाथ के सानिध्य में 9 नाथों के द्वारा यज्ञ हवन के साथ संपन्न करवाई और भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव व आसपास क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओ ने संतो का आशीर्वाद लिया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बाबा दिवाली नाथ ने इस तपस्या का उद्देश्य जगत में सुख, शांति, समृद्धि, खुशहाली एवं स्वच्छ पर्यावरण बताया।

## कमजोर वर्गों के लिए सशक्त प्रयासः डीसी

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार द्वारा समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजन की शादी में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना संचालित की जा रही है। योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने और बेटियों के विवाह के लिए प्रोत्साहन देने का एक सराहनीय प्रयास है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज में समानता और सशक्तिकरण का प्रतीक है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सहायता प्रदान करना और बेटियों की शादी में आर्थिक चिंताओं को कम करना है।

## ग्रामीणों को धूम्रपान छोड़ने के फायदे बताए

**चरखी दादरी।** मंगलवार 20 जनवरी को पंचायत सरपंच संतोष शर्मा की अध्यक्षता में ग्राम सचिव व पंचो की मौजूदगी में गांव झींझर की आदर्श धर्मशाला में मीटिंग हुई। मीटिंग में ग्राम में किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की और मौजूद ग्रामीणों ने अपने अपने पंचो के साथ अपने एरिया की समस्याओं के बारे में सरपंच और ग्राम सचिव को अवगत करवाया। मीटिंग में स्वास्थ्य केंद्र झींझर के स्वास्थ्य कार्यकर्ता संदीप सिंह डागर ने तम्बाकू के सेवन के दुष्प्रभाव और धूम्रपान छोड़ने के फायदे बताए।

## दोस्त की पत्नी के लिए छह ने किया रक्तदान

**लोहारू।** ढिगावा निवासी रवि मित्तल और उसके संगठन के छह सदस्यों ने अस्पताल में उपचाराधीन दोस्ती की पत्नी के लिए रक्तदान कर उसे जीवन दान देने का काम किया है। रवि मित्तल ने बताया कि उनके दोस्त की पत्नी भिवानी के निजी अस्पताल में उपचाराधीन थी।

### बापौड़ा में सांग उत्सव का आगाज

# पहले दिन ध्रूव भगत के मंचन ने मोह लिया दर्शकों का मन

*महान लोक कवियों की विरासत को जीवित रखने के लिए सांग उत्सव के मंचन जरूरीः मुकेश बपोड़ा*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हरियाणा कला परिषद के सौजन्य से सूर्य कवि पंडित लख्मी चंद जयंती के उपलक्ष्य में गांव बापोंड़ा में आयोजित सात दिवसीय सांग महोत्सव का मंगलवार को शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन प्रसिद्ध सांगी स्योनाथ त्यागी और साहिल की जोड़ी ने पौराणिक सांग धुरव भगत का मंचन किया। लोक धुनों और ऐतिहासिक प्रसंगों के बीच कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। मंचन की शुरुआत राजा उत्तानपाद के महल के दृश्यों के साथ हुई। कलाकारों ने दिखाया कि किस प्रकार अवधपुरी के राजा उत्तानपात की बड़ी रानी सुनीति संतान न होने के कारण गहरे शोक में डूबी रहती थीं। कहानी में मोड़ तब आया जब देवर्षि नारद का महल में आगमन हुआ। रानी की व्यथा सुनकर नारद मुनि ने उन्हें समाधान स्वरूप राजा का दूसरा विवाह करने की सलाह दी। साथ ही भविष्य में आने वाले अपार कष्टों के प्रति सचेत भी किया।

**दूसरे दिन बुधवार को प्रख्यात सांगी कुलदीप उमरा अपनी टीम के साथ विशेष प्रस्तुति देंगे**



भिवानी। बापोड़ा में सांग का मंचन शुरू करवाते हुए। फोटो: हरिभूमि

संतान की चाह में रानी सुनीति ने सहर्ष इस चुनौती को स्वीकार किया और अपनी छोटी बहन सुरुचि से राजा का विवाह करवा दिया। सांग के माध्यम से कलाकारों ने दिखाया कि कैसे छोटी रानी सुरुचि ने महल में आते ही अपनी बड़ी बहन पर अत्याचार शुरू कर दिए और उसे महल से बाहर कर दिया। घटनाक्रम में तब नया मोड़ आया जब दोनों रानियों को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। रानी सुरुचि के पुत्र उत्तम तथा रानी सुनीति के पुत्र धुरव।

सांगी स्योनाथ त्यागी ने ध्रुव की अटूट भक्ति और सौतेली माँ के व्यवहार से उपजी उसकी वैराग्य की भावना को इतने मार्मिक ढंग से पेश किया कि दर्शकों की आंखें नम हो गईं। ध्रूव का अपनी तपस्या के बल पर अटल पद प्राप्त करना और ध्रूव भगत के रूप में अमर होना इस प्रस्तुति का मुख्य आकर्षण रहा।

**नई पीढ़ी को नैतिक मूल्यों से जोड़ता है सांग**

*आयोजन समिति की सदस्य विनोद प्रधान व मुकेश बपोड़ा ने बताया कि पंडित लख्मी चंद जैसे महान लोक कवियों की विरासत को जीवित रखने के लिए इस तरह के मंचन जरूरी हैं। सांग कला न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह हमारी नई पीढ़ी को धार्मिक और नैतिक मूल्यों से भी जोड़ती है। उन्होंने बताया कि मेरे कहे ते ब्यहा करवा ले पाछे धूल बिटोले गा...जैसे पारंपरिक गीतों और संवादों ने माहौल को पूरी तरह हरियाणवी रंग में रंग दिया। उन्होंने बताया कि सांग उत्सव के दूसरे दिन बुधवार को प्रख्यात सांगी कुलदीप उमरा अपनी टीम के साथ विशेष प्रस्तुति देंगे।*



चरखी दादरी। गतिविधियों में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## राजकीय स्कूल में आज होगा आउटरीच कार्यक्रम

- कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा होंगे मुख्यतिथि
- प्रमुख योजनाओं व कानूनों की जानकारी दी जाएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

केन्द्रीय संचार ब्यूरो ने आज होने वाले मुख्य आउटरीच कार्यक्रम से पूर्व जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पहले-प्रचार गतिविधियां संचालित की। आज राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। नीरज महलावत ने बताया कि 21 जनवरी को सुबह 11 बजे राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा मुख्यतिथि शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं व कानूनों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाना रहा। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तीन नए आपराधिक कानून, मोटर वाहन अधिनियम २०१९ डिजिटल इंडिया तथा एक भारत श्रेष्ठ भारत जैसी योजनाओं पर आधारित आकर्षक और विचारोत्तेजक चित्र प्रस्तुत किए। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी रचनाओं के जरिए कानून व्यवस्था में सुधार, सड़क सुरक्षा, डिजिटल सशक्तिकरण और राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया।

**जागरूक बनें**

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विद्यार्थियों को इन योजनाओं के उद्देश्य और उनके सामाजिक लाभों के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें जागरूक नागरिक बनने का संदेश दिया। आयोजन से विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण वातावरण बना और विद्यार्थियों में सरकारी योजनाओं के प्रति रुचि एवं समझ विकसित हुई।

# जलभराव से बर्बाद फसलों का जल्द मिले मुआवजाः कादियान

### क्षेत्र में हजारों एकड़ भूमि पर खेती ही नहीं हो पाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

प्रदेश में जलभराव के कारण खराब हुई फसलों और किसानों को मिलने वाले मुआवजे में देरी के मामले पर हरियाणा कांग्रेस सेवा दल के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कादियान ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जलभराव प्रभावित किसानों को तुरंत मुआवजा देने की पुरजोर मांग की है। अशोक कादियान ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार दावा कर रही है कि जलभराव से प्रभावित धान की खेती करने वाले किसानों को मुआवजा दिया जा रहा है, लेकिन दूसरी ओर जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। कादियान ने जिले के हालातों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ऐसे कई गांव हैं जहां जलभराव की समस्या इतनी गंभीर है कि हजारों एकड़ भूमि पर खेती ही नहीं हो पाई। उन्होंने कहा कि मुआवजे की आस में बैठे किसान अगली फसल की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। जिसके चलते फसल ना होने के कारण किसानों के सामने परिवार का पालन-पोषण का संकट खड़ा हो गया है।

**खेतों का निरीक्षण कर मुआवजा दें**



*कादियान ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह केवल विज्ञापनों और दावों तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तविक रूप से खेतों का निरीक्षण कर किसानों के खातों में मुआवजा राशि हस्तांतरित करे। अशोक कादियान ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिहं हुड्डा व सांसद दीपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस शासनकाल में किसानों के हित की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाता था।*

## सूर्य नमस्कार के आध्यात्मिक लाभों की दी जानकारी

**चरखी दादरी।** आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि पतंजलि जयंती तक चलाए जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान-2026 के अंतर्गत जिला में विभिन्न स्थानों पर प्रेरणादायी योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। जिला आयुष अधिकारी डा राकेश वशिष्ठ ने बताया कि सूर्य नमस्कार न केवल शरीर को स्वस्थ एवं सशक्त बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर कार्यक्षमता एवं एकाग्रता में भी वृद्धि करता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

## श्री राधा कृष्ण मन्दिर में भक्ति का अनूठा संगम दिखा

- आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है श्रीमद् देवी भागवत कथा : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बर्तन बाजार स्थित प्राचीन श्री राधा कृष्ण मन्दिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा के दौरान भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। गुप्त नवरात्रों के उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा के दूसरे दिन कथाव्यास योगेंद्र शशि भारद्वाज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए श्रीमद् देवी भागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का रसपान कराया। इस दौरान ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध प्रतिनिधियों ने जिला भिवानी ब्राह्मण अध्यक्ष किशन कौशिक के नेतृत्व में कथा व्यास योगेन्द्र शशि भारद्वाज का अभिनंदन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से अधिवक्ता संदीप शर्मा, प्राचार्य राजेश सौपर्णा और सुरेंद्र शामिल रहे।

## ब्राह्मण समाज ने किया व्यास पीठ का भव्य अभिनंदन



भिवानी। कथा शुरू करवाते जिला भिवानी ब्राह्मण अध्यक्ष किशन कौशिक।

**नोटों की माला पहना किया स्वागत**

उन्होंने कथा व्यास को नोटों की माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। कथा व्यास योगेन्द्र शशि भारद्वाज ने बताया कि गुप्त नवरात्रों में देवी भागवत के श्रवण का विशेष महत्व है। यह न केवल मानसिक शांति प्रदान करता है।

# योग सहायकों ने सूर्य नमस्कार करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सरकार के निर्देशानुसार हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जिले में सूर्य नमस्कार अभियान के तहत विभिन्न शिक्षण संस्थानों, योग एवं व्यायामशालाओं में योगासन एवं सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित करवाएं जा रहे हैं। इसी कड़ी में योग सहायकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर सूर्य नमस्कार योगा करवाया गया।

आयुष विभाग से जिला योग कोऑर्डिनेटर डॉ. संजय वैद ने जानकारी देते हुए बताया कि सूर्य नमस्कार अभियान 12 फरवरी तक चलेगा। इसी कड़ी में योग सहायकों एवं शिक्षा विभाग के सहयोग से गवर्नमेंट मिडल स्कूल बीटीएम चौक भिवानी में आयुष योग शिक्षक कविता अहलावत द्वारा सूर्य नमस्कार व योगासन करवाए गए। इसी प्रकार से योग सहायक गजानंद कौशिक द्वारा बवानी खेड़ा में, नीलम रानी द्वारा आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल मिरान में, मनजीत ढुल द्वारा गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल मंढाना में, पूनम देवी द्वारा झूप्पा खुर्द सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नमस्कार अभियान के तहत योगा करवाया गया।

# हरियाणा चौथे स्थान पर रहा

- राष्ट्रीय स्कूल योगासन गेम्स में प्रदेश की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

महाराष्ट्र के जलगांव में 69वीं राष्ट्रीय स्कूल योगासन गेम्स में प्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस स्पर्धा में हमारे खिलाड़ी चौथे स्थान पर रहे, प्रदेश की और से छह खिलाड़ियों व तीन ऑफिसिएल्स ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में अंडर 17 आयुवर्ग में लडकियों की टीम लावाण्या, हिमांशी, स्नेहा, प्रेरणा, कीर्ति, आयुषी आदि शामिल रही।




चरखी दादरी। अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

**हरियाणा की छोरियां छोरों से कम नहीं**

टीम मैनेजर डॉ. सुरेंद्र आर्य ने कहा कि खिलाड़ी जब भी मैदान में जाता हैं तो हार व जीत उसके खेल प्रदर्शन आधार पर हाथ लगती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की छोरियां छोरो से कम नहीं है। आगे भी और अच्छा खेलकर आएगी। इस दौरान टीम कोच प्रतिमा, एचओडी राजेश डीपीई हिसार, हरियाणा योग आयोग चेयरमैन डॉ. जयदीप आर्य, हरियाणा सचिव युद्धवीर एचओडी राजेश गबीपुर, एईओ कुलदीप मलिक व शक्ति आर्य डीपीई ने टीम को आशीर्वाद दिया।

## श्रीअग्रसेन भवन में उल्लास के साथ हुआ दादी रानी सती का मंगल पाठ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जवाहर चौक स्थित श्रीअग्रसेन भवन में मंगलवार को श्री दादी रानी सती का मंगल पाठ आयोजित किया गया। श्री अग्रवाल सभा रजि. भिवानी द्वारा भक्ति और शक्ति के संगम के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। पूरा सभा भवन दादी के जयकारों और भजनों की स्वर लहरियों से गुंजायमान रहा। मंगल पाठ की शुरुआत विधिवत गणेश पूजन और दादी रानी सती की ज्योति प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर दादी जी का विशेष फूलों और गहनों से अलौकिक श्रृंगार किया गया, जो भक्तों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। विख्यात भजन गायकों ने अपनी सुरीली आवाज में दादी की महिमा का गुणगान करते हुए पाठ का वाचन किया। उपस्थित महिलाओं ने पारम्परिक लाल परिधानों में सज्ज होकर मंगल पाठ की मंगलमय प्रस्तुति दी और दादी की आरती उतारी। इस अवसर पर श्री अग्रवाल सभा रजि. भिवानी के प्रधान सुनील सर्राफ ने बताया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह हमारी गौरवशाली परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने का एक प्रयास है। दादी रानी सती न सर्व समाज की कुलदेवी के रूप में पूजनीय हैं।

### एडीसी ने पंचायत भवन में 17 लाभपात्रों को दिए सब्सिडी चेक

# पीएम सूर्य घर बिजली योजना से बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षणः एडीसी

*पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण को बढ़ावा देने और आमजन को बिजली बिलों के बोझ से राहत देने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरुआत की गई है। यह बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना से बिजली बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में बचाव होता है। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।



भिवानी। पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

इस दौरान 17 लाभपात्र व्यक्तियों को योजना की सब्सिडी के लाभ का चेक भेंट किया। एडीसी श्री करवा मंगलवार को बिजली निगम द्वारा स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जागरूकता कार्यक्रम में ग्राम पंचायतों, नगर परिषद, जिला परिषद के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि इस योजना के बारे में लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करें। इस दौरान जिला परिषद सीईओ अजय चोपड़ा ने बताया कि उन्होंने अपने घर में सौर ऊर्जा संयंत्र लगवाया हुआ है।

**दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये सब्सिडी**

उन्होंने बताया कि ऐसे ही जिन घरेलू उपभोक्ताओं की वार्षिक आय तीन लाख रुपये से अधिक है, उन्हें केंद्र सरकार द्वारा एक किलोवाट पर 30 हजार रुपये, दो किलोवाट पर 60 हजार रुपये सब्सिडी दी जा रही है। इच्छुक उपभोक्ता घर बैठे आधिकारिक वेबसाईट पीएमएसूर्याघरडोटजीओवीडोटइन जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। इस मौके पर डीडीपीओ सोमबीर कादयान, कार्यकारी अभियंता संजय रंगा, नप ईओ राजा राम सहित विभिन्न गांवों से पंचायत, नगर परिषद व जिला परिषद के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## किसान नेता श्योराण के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ !!

हरिभूमि न्यूजः बाढ़ड़ा

उपमंडल व प्रदेश के किसानों की आवाज को बेबाकी और मजबूती से बुलंद करने वाले भारतीय किसान यूनियन के जिला महासचिव ओमप्रकाश श्योराण उमरवास का मंगलवार की सुबह अचानक हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके असामयिक निधन की सूचना मिलते ही न केवल उनके परिवार पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा, बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।



ओमप्रकाश श्योराण।

गांव उमरवास निवासी स्वर्गीय ओमप्रकाश श्योराण लंबे समय से किसान आंदोलन से जुड़े रहे और किसानों के हक व अधिकारों की लड़ाई में हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े नजर आए। उनका निधन किसानों के लिए अपूरणीय क्षति है। विभिन्न किसान एवं सामाजिक संस्थाओं और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनको मुखाग्नि उनके बड़े बेटे सेना के जवान रणबीर सिंह व छोटे पुत्र जयबीर श्योराण ने दी। उनके निधन पर भाकियू अध्यक्ष हरपाल भांडवा, सरपंच एसोसिएशन प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र श्योराण, कमलसिंह हडोदी, रामअवतार, आजाद सिंह, विजय श्योराण, कर्नल शेलेंद्र सिंह, गिरधारी मोद आदि ने शोक जताया।

## बलियाली में पांच दिवसीय डेयरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**भिवानी।** लाला लाजपत राय पशु-चिकित्सा एवं पशु-विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), हिसार के विस्तार शिक्षा निदेशालय द्वारा राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (आईसीएआर) की योजना के अंतर्गत भिवानी जिले के गांव बलियाली में 5 दिवसीय डेयरी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 15 जनवरी से 19 जनवरी तक किया गया। प्रशिक्षण संयोजक डॉ. आनंद प्रकाश ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 40 महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों के तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करना था, जिससे वे अपनी आय में इजाफा कर सकें।

## खबर संक्षेप

### विधायक सांगवान ने सुनीं जनसमस्याएं

**चरखी दादरी।** भाजपा विधायक सुनील सांगवान ने मंगलवार को अपने दादरी कैंप कार्यालय में खुला दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुन अधिकारियों को समस्या के समाधान के निर्देश दिए। सर्वाधिक समस्याएं बिजली, पानी, लोक निर्माण विभाग तथा पंचायत विभाग को लेकर रहीं। कई शिकायतों पर विधायक ने खुद ही संज्ञान लेकर निपटाया। इस दौरान विधायक सांगवान ने अधिकारियों से कहा कि दादरी विधानसभा क्षेत्र को लेकर अपने विभागों की जरूरतें बताएं, ताकि वे उन्हें बजट में स्थान दिलवाकर उसे पारित करवाएं।

### उच्च अधिकारियों की चुप्पी पर उठाए सवाल

**भिवानी।** हरियाणा सूचना एंव लोक सम्पर्क विभाग द्वारा पत्रकारों को मान्यता दिए जाने में नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियों पर विभागीय उच्च अधिकारियों की चुपी पर जर्नलिस्ट क्लब भिवानी ने सवाल उठाए हैं। क्लब के प्रधान ईश्वर धामु ने कहा है कि यह सब उच्च अधिकारियों की मूक सहमति से हो रहा है। धामु ने कहा कि मान्यता के लिए पत्रकार नियमानुसार सभी दस्तावेज पूरा करके भेजता है। इसके बावजूद विभागीय कर्मचारी ऐसे ऐतराज लगाते हैं, जो विभागीय नियमों के दायरे में आते ही नहीं। इतना ही नहीं ऐतराज लगाया गया पत्र भी कर्मचारी दबा कर रखते हैं।

### मादक पदार्थ सहित व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**भिवानी।** पुलिस सीआईए स्टाफ-2 भिवानी ने मादक पदार्थ सहित व्यक्ति को दबोचने में सफलता मिली है। सीआईए स्टाफ-2 भिवानी के उप निरीक्षक प्रदीप कुमार की टीम ने आरोपी को दबोचा है। रेड के दौरान पुलिस टीम ने व्यक्ति को मादक पदार्थ सहित काबू किया।आरोपी की पहचान प्रमोद पुत्र कृष्ण, निवासी गली नंबर 02, लाजपत नगर, भिवानी के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 6.77 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई है।

### मादक पदार्थ की तस्करी करते दो आरोपी पकड़े

**भिवानी।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ ईशरवाल की टीम ने मादक पदार्थ तस्करी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की स्पेशल स्टाफ ईशरवाल के इंचार्ज उप निरीक्षक कपिल देव की टीम को सफलता मिली है। आरोपियों के कब्जे से 9.66 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई। आरोपियों की पहचान शिवा पुत्र रमेश, निवासी खानक व अतुल पुत्र राजपाल, निवासी बैराण, जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### शिविर में 189 लोगों की आंखें जांची, परामर्श दिया

**चरखी दादरी।** दुनिया को देखने के लिए जितनी आंखों की आवश्यकता है, उतनी ही प्रकृति के निकट जाने व परमात्मा का आशीर्वाद पाने के लिए हृदय के नेत्र खोलकर मानवता की सेवा करना आवश्यक है, ये बात मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन के युवा अध्यक्ष अधिवक्ता अनिल बलवान साहू ने कही। वे नगर के निजी अस्पताल व मंदोली में आयोजित मेडिकल शिविर को संबोधित कर रहे थे। कैंपों में आई क्यू, आधार अस्पताल हिसार, गीताजंली अस्पताल आदि की टीम अनिल वशिष्ट, जितेंद्र यादव, तरूण, ममता चाहार व सहयोगियों ने 189 के आंख व समान्य रोग जांचे व दवाईयों का वितरण किया।

### गांव बड़वा में गली की समस्या का हुआ समाधान

**भिवानी।** सिवानी क्षेत्र के गांव बड़वा में पेयजल पाइप लाइन डालने के दौरान छोड़े गए अधूरे कार्य को डीसी साहिल गुप्ता के निर्देशों पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने तुरंत प्रभाव से दुरूस्त कर दिया है। गांव में महाग्राम योजना के तहत पेयजल पाइप लाइन डालने और सीवरेज का कार्य चल रहा है। इसी बीच डीसी के संज्ञान में आया कि जन स्वास्थ्य विभाग पाइप लाइन डालने के दौरान कार्य को अधूरा छोड़ दिया था। इससे आमजन को भारी परेशानी हो रही थी।

---

## 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल में शामिल होंगी आशा वर्कर्स : सुशीला

# सरकार 45वें श्रम सम्मेलन की शिफारिशें लागू करे

**ऑनलाइन काम के विरोध में आशा कर्मियों ने मिशन निदेशक को भेजा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मांगों को लेकर अधिकारी को मांगपत्र सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर भिवानी जिला की आशा वर्कर्स ने ऑनलाइन काम के विरोध में सीएमओं कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की व उपसिविल सर्जन एनएचएम व 12 फरवरी का नोटिस सीएमओ भिवानी के माध्यम से मिशन निदेशक को भेजा। आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता सुशीला धिराना व संचालन दर्शना बलियाली ने किया।

आशा कर्मियों को यूनियन व सीटू नेताओं ने कहा कि आशा वर्कर्स पूरे देश में कुछ इंसेटिव बेस मानदेय पर भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य से संबधित मुहिम को जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। आशा वर्कर्स स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की हड्डी है केन्द्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षो से इंसटिव नहीं बढाये गए है मगर आशा वर्कर्स के काम लगातार बढ़ाए जा रहे हैं। सरकार आशा वर्कर्स पर बिना संसाधन दिए ऑनलाइन काम का दबाव बनाकर मानसिक प्रताड़ित कर रही है आशा वर्कर्स इंसटिव को रोका जा रहा है जिससे आशा वर्कर्स की स्थिति बिगड़ रही है। भारत सरकार लगातार

**भाजपा सरकार मजदूर कर्मचारियों के शोषण को बढ़ाने का काम कर रही :सुशीला धिराना**

**30000 रुपये न्यूनतम वेतन देने की मांग**

राज्यों को दिए जाने वाले बजट मे कटौती कर रही है। भारत सरकार 45वें श्रम सम्मेलन की सिफारिशों को लागू नहीं कर रही हैं जिसके मुताबिक आशा कर्मीयों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन देने व समान काम समान वेतन दिये जाने की सिफारिश की गई हैं। भाजपा सरकार 29 श्रम कानूनों को खत्म करके चारो लेबर कोड़ लागू करके मजदूर कर्मचारियों के शोषण को बढाने का काम कर रही हैं। जिसके खिलाफ आशा कर्मियों में लगातार रोष पनप रहा हैं। आशा वर्कर्स यूनियन

**सरकार से चारों लेबर कोड रद्द करने, आशा कर्मियों को पक्का करने की मांग की**

हरियाणा ने केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों, कर्मचारी संगठनों के आह्वान पर होने वाली 12 फरवरी की देशव्यापी हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया हैं व सरकार से चारों लेबर कोड रद्द करने, आशा कर्मीयों को पक्का करने, 30000 रूपयें न्यूनतम वेतन लागू करने, नीजिकरण पर रोक लगाने, महंगाई व बेरोजगारी पर रोक लगाने, हडताल के दौरान का काटे गए वेतन का भुगतान किए जाने, समय पर वेतन व एकमुश्त मानदेय का भुगतान किए जाने की मांग की हैं। आज के रोष प्रदर्शन को सीटू नेता सुखदेव पालवास, मनोज, संतोष, कमलेश, कृष्णा, रचना, शशी, उमेश, रानी आदि ने भी विचार रखे।

---

## प्रतियोगिता में शिवम स्कूल लोहानी की टीम रही प्रथम



भिवानी। अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- क्विज में कैरू कन्या वमा विद्यालय व भाषण में कैरू कन्या स्कूल की चंचल प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण व शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शिक्षा बोर्ड परिसर स्थित एसआरएस लैब स्कूल में जिला स्तरीय कानूनी साक्षरता प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें कक्षा नौंवी से 12वीं के निजी व सरकारी स्कूलों के लगभग 350 छात्रों ने भाग लिया।

मुख्यतिथि सीजेएम पवन कुमार ने छात्रों को पोस्को एक्ट, नशाखोरी, दहेज प्रथा व मानव तस्करी की कानूनी जानकारियां दी। बच्चों में कानूनी साक्षरता पैदा करने के लिए स्किट, निबंध, स्लोगन, पेंटिंग, कविता, क्विज, भाषण, डाक्यूमेंट्री सहित 10 प्रतियोगिताएं करवाई गई। स्किट प्रतियोगिता में शिवम स्कूल लोहानी की टीम रजिया, रूबि, मानसी, पलक, सलोनी, टीना, लक्षिता व हंसिका रही। वैश्य मॉडल स्कूल ने द्वितीय व वैश्य इंटरनेशनल ने तृतीय, क्विज में राजकीय कन्या वमा विद्यालय कैरू ने प्रथम, द्वितीय वैश्य मॉडल स्कूल व आरोही मॉडल स्कूल तोशाम ने तृतीय, भाषण में राजकीय कन्या स्कूल कैरू की चंचल ने प्रथम, शिवम स्कूल लोहानी की मीनाक्षी ने द्वितीय व दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की रिदम ने तृतीय स्थान जीता। डाक्यूमेंट्री में वैश्य मॉडल स्कूल की मुस्कान प्रथम, बीपीएस के गर्वित चावला ने द्वितीय, राजकीय कन्या स्कूल कैरू की निधि ने तृतीय, निबंध में आरोही मॉडल स्कूल तोशाम के अरूण ने प्रथम, बीपीएस की दिव्या ने द्वितीय व राजकीय कन्या स्कूल तिगड़ाना की राखी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**निर्णायक मंडल**

निर्णायक मंडल की भूमिका में राकेश रोहिल्ला, शीतल, सोनिया, प्रवेश गौतम, नीरज शर्मा, अनिल हलवासिया, सोनिया, मीनाक्षी कौशिक, राजबीर धारेडू, सरोज शर्मा, विकास शर्मा, अंजु शर्मा, आशीष भारद्वाज, प्राचार्य रविंद्र वैद्य, प्राचार्य भुवनेश शर्मा, त्रिलोक गाबा, मनीष कुमार, राजेश वत्स शामिल रहे। इस अवसर पर विशेष रूप से सेवानिवृत्त आईएएस सुरेश कुमार, ओएसडी समरवीर, राजेश बिष्ट, अधीक्षक कमलजीत सिंह, लक्ष्मी व लक्ष्मण गौड़ मौजूद रहे।

---

### गणतंत्र दिवस के लिए सांस्कृतिक टीमों का चयन किया

**चरखी दादरी।** दादरी शहर के चिड़िया मोड़ स्थित नई अनाज मंडी परिसर में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले जिला स्तरीय गंणतंत्र दिवस समारोह के लिए केएन स्कूल में सांस्कृतिक टीमों का चयन किया। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल द्वारा गठित कमेटी ने टीमों का चयन किया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के चयन के लिए एसडीएम योगेश सैनी के मार्गदर्शन में चयन समिति ने टीमों का प्रदर्शन देखा। डीआईपीआरओ संदीप कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए लगभग 50 मिनट का समय रखा गया है। टीमों के प्रदर्शन और बच्चों के अनुरोध पर दादरी के पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, यदुवंशी शिक्षा निकेतन मंढौला, आर्दश स्कूल बौंद कलां, जेबीएस स्कूल मकडाना, राजकीय विद्यालय समसपुर और आर्य हिन्दी संस्कृत गुरूकुल दादरी को मौका दिया गया है।



चरखीदादरी। चयन कमेटी के सामने प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। मांगों को लेकर आयोजित बैठक में आंदोलन की रणनीति तय करते हुए।

### हड़ताल को लेकर तैयारियों की समीक्षा की

**भिवानी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्ज यूनियन (रजि. नं. 41) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की बौंद शाखा की बैठक भिवानी डिस्ट्रीब्यूटरी स्थित बडेसरा माइनर हेड पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच चेयरमैन अनिल ने की और मंच संचालन सुरजीत रंगा द्वारा कुशलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 12 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल की तैयारियों की समीक्षा करना और संगठन की मजबूती के लिए कार्यकारिणी का विस्तार करना था। बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांच सचिव सुरजीत रंगा ने कर्मचारियों में जोश भरा और सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सरकार कर्मचारियों के हकों को दबाने का प्रयास कर रही है, जिसके खिलाफ आवाज उठाना अब अनिवार्य हो गया है।

### बवानी खेड़ा शहर में बहेगी विकास की गंगा

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा नगर पालिका शहर में विकास कार्यों की गंगा बहाने के मुड में साफ दिखाई दे रही है। जिसको लेकर नपा प्रधान सुंदर अत्री संग सभी पार्षदों एवं नपा अधिकारियों के सहयोग से नई नई रणनीतियां बनाकर विकास को नई दिशा देने का कार्य की योजना बनाई जा रही है। नपा कार्यालय में होने वाली हाऊस मीटिंग 11 बजे निर्धारित की गई है जिसमें शहर के विकास को लेकर समीक्षा की जाएगी। नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि शहर में जो 20 वर्ष से नपा की भूमि पर काबिज है उसे मालिकाना हक के लिए कलेक्टर रेट पर राशि जमा करवाकर मालिक दिलवाने की सिफारिश की योजना है। उन्होंने बताया कि शहीद गुलाब सिंह पार्क की कायापलट होगी।

### दादरी पुलिस ने अदालत में चलाया सर्च ऑपरेशन

**चरखी दादरी।** गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा के मद्देनजर चरखी दादरी पुलिस और स्पेशल कमांडो टीम ने मंगलवार जिला न्यायालय परिसर में सर्च ऑपरेशन चलाकर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया। ऑपरेशन के तहत पुलिस टीम ने न्यायालय के अंदरूनी व बाहरी क्षेत्रों, पार्किंग स्थल और प्रतीक्षालयों का निरीक्षण कर संदिग्ध पदार्थों और अवैध वस्तुओं की तलाशी के लिए जांच की। पुलिस अधीक्षक चरखी दादरी ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर किसी भी संभावित अपराध को रोकने व सुरक्षा को देखते हुए सर्च ऑपरेशन चलाया गया है। समय-समय पर ऐसे सर्च ऑपरेशन चलाकर पुलिस प्रशासन किसी भी तरह की आपत्तिजनक स्थिति से पहले ही निपटने का प्रयास करता है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात वस्तु को बिना जानकारी स्पर्श न करें।



चरखीदादरी। अदालत परिसर में सर्च अभियान चलाते पुलिसकर्मी फोटो : हरिभूमि

---

## भाजपा की मूल विचारधारा : व्यक्ति से बड़ा संगठन, संगठन से बड़ा देश : अनिल शर्मा

# राष्ट्रीय अध्यक्ष नबीन के चयन पर तोशाम में बांटी मिठाई

**भाजपा नेता अनिल शर्मा के आवास पर मनाया जश्न**

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



तोशाम। नए अध्यक्ष के निर्वाचन पर मिठाई बांटते हुए। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी के सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की खुशी में प्रसिद्ध भाजपा नेता एवं प्रमुख समाजसेवी अनिल शर्मा द्वारा तोशाम स्थित अपने निवास स्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संगठन पर्व के रूप में जमकर जश्न मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई देते हुए लड्डू खिलाकर ढोल नगाड़ों की थाप के बीच जमकर जश्न मनाया। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल शर्मा ने स्वयं भाजपा कार्यकर्ताओं को लड्डू बांटकर खुशी का इज़हार किया तथा नितिन नबीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा कि "व्यक्ति से बड़ा संगठन, संगठन से बड़ा देश" यही भारतीय जनता पार्टी की मूल विचारधारा है। उन्होंने कहा कि एक युवा कार्यकर्ता को राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपना यह दर्शाता है कि भाजपा नेतृत्व निर्माण में युवाओं की ऊर्जा, दृष्टि और परिश्रम पर पूर्ण विश्वास करती है।

**भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से रूप से और मजबूत होगी**

भाजपा नेता अनिल शर्मा ने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि संगठन की नवीन सोच, भविष्य दृष्टि और युवा सशक्तिकरण का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा राष्ट्रहित में नई ऊँचाइयों को छुएगी। अनिल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक जीवंत राष्ट्रवादी विचारधारा है, जिसकी नींव डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे महान मनीषियों ने रखी। भाजपा के लिए राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संकल्प है। यहाँ नेतृत्व किसी वंश की विरासत नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के त्याग, तपस्या और संगठन के प्रति निष्ठा का परिणाम होता है। शर्मा ने कहा कि जब संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता 'स्व' से ऊपर उठकर 'सर्व' की भावना से कार्य करता है, तभी एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण संभव होता है। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, तो इसके पीछे यही राष्ट्र प्रथम की भावना है।

### भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन की ताजपोशी पर मनाई खुशी

**भिवानी।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर नितिन नबिन की ताजपोशी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नितिन नबिन एक दूरदर्शी, कर्त्तव्यपरायण, निष्ठावान पार्टी कार्यकर्ता है। उनके नेतृत्व में पार्टी नई ऊंचाइयों को छूएगी और पार्टी संगठनात्मक तौर पर मजबूत होगी।

बहल भाजपा वरिष्ठ नेता गजानंद अग्रवाल, मंडल पदाधिकारी समाजसेवी हनुमान शर्मा पाजू, सज्जन फौजी बिधनोई, अजय बिधनोई, पवन सुरपुरा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित पार्टी है जहां किसी भी कर्मठ कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी।

---

## नबीन की ताजपोशी पर पूर्व सीएम चौ. बंसीलाल के निवास पर बंटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- कार्यक्रम राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ

भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता और अनुभवी संगठनकर्ता नितिन नबीन को भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की खुशी में मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी बंसीलाल के निवास स्थान पर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एकत्रित होकर इस नियुक्ति का जश्न मनाया। यह कार्यक्रम राज्यसभा सांसद किरण चौधरी और सरकार में कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजकुमार जांगड़ा व अधिवक्ता हरि सिंह सांगवान ने नितिन नबीन की नियुक्ति को संगठन के हित में एक ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा में जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। वे एक सुलझे हुए नेता हैं और उनके पास संगठन का व्यापक अनुभव है। उनके नेतृत्व में भाजपा न केवल राष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों को छुएगी, बल्कि हरियाणा में भी संगठन को एक नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर तोशाम विधानसभा संयोजक अधिवक्ता हरि सिंह सांगवान, अमर सिंह हालुवासिया, जय सिंह फौगाट, चेयरमैन शीशराम, जयकरण ढ़ाका जुई, बीरण सपंच सुल्तान सिंह, बलबीर जांगड़ा बाबरवास, वजीर डाडम, सुरेश बाबरवास, सचिन महता भिवानी, रमेश सरपंच जैनावास, मनोज भेरा, पवन बीडीसी, दिलबाग निमड़ी, रोशन शर्मा, धर्मपाल, डा. गुणपाल आदि मौजूद थे।

## नितिन नबीन गतिशील और जमीन से जुड़े नेता, संगठन को मिलेगी मजबूती: रीतिक

**भिवानी।** नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चयनित होने पर भाजपाइयों ने खुशी मनाई। भाजपा के लिए संगठन केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र का उत्सव है, ये बात भाजपा नेता रीतिक वधवा ने कही। उन्होंने कहा कि अन्य दल परिवार-केंद्रित राजनीति तक सीमित हैं, वहीं भाजपा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक पारदर्शी, सहभागी और लोकतांत्रिक तरीके से नेतृत्व का चयन करती है।

वधवा ने कहा कि नितिन नबीन ने एक गतिशील और जमीन से जुड़े नेता के रूप में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। बिहार में मंत्री के रूप में उनका कार्यकाल और छत्तीसगढ़ के प्रभारी के रूप में उनकी प्रभावी भूमिका उनके मजबूत नेतृत्व और संगठनात्मक कौशल को दर्शाती है। इस अवसर पर किसान मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक तिगड़ी, भूपेंद्र तिगड़ी, अनिल सिंह, अजीत तिगड़ी, एडवोकेट संदीप यादव,अशोक दुल्हेडी, डॉ. हरीश गोस्वामी, राजीव शर्मा, सुनील यादव, पूर्व सरपंच सुनील वाल्मीकि आदि उपस्थित रहे।



भिवानी। नितिन नबीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई देते भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

### नवनियुक्त कांग्रेस शहरी कोषाध्यक्ष सरोहा का किया अभिनंदन

**भिवानी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशानुसार कांग्रेस के शहरी जिलाध्यक्ष प्रदीप गुलिया जोगी ने शहरी जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें बलवीर सरोहा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी कड़ी में नवनियुक्त कोषाध्यक्ष बलवीर सरोहा के सम्मान में मंगलवार को सेक्टर 13 स्थित उनके निवास स्थान पर अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कोषाध्यक्ष बलवीर सरोहा को फूल-मालाएं पहनाकर व लड्डू खिलाकर बधाई दी। सरोहा ने प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सीएलपी लीडर एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का आभार जताया।